




## शारदीय नवरात्र : मठ मंदिरों में मां शक्ति की उपासना

### प्रथम दिवस पूजी गई मां शैलपुत्री, सार्वजनिक पंडालों में विराजी माता रानी



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,03 अक्टूबर. शारदेय नवरात्र मां शक्ति की उपासना का पर्व गुरूवार से आर भ हो गया है। जो नो दिन तक चलेगा। आज पहले दिन मां शक्ति के पहले स्वरूप शैलपुत्री का पूजन किया गया।**

शहर के बुधवारी बाजार में मां शैलपुत्री मंदिर में विराजमान है। इस मंदिर का इतिहास 30 साल पुराना है। मंदिर समिति के शैलेष मिश्रा ने बताया मंदिर के सामने छोटी सी माढ़िया है। जिसमें मां काली का स्वरूप विराजमान है। इसके पूर्व यहां शारदेय नवरात्र में मां शक्ति की स्थापना की जाती थी। कुछ सालों बाद यहां मातारानी के पहला स्वरूप शैलपुत्री मां स्थायी रूप से विराजित हो गई। विशेषकर शारदीय नवरात्र और चेत नवरात्र में 9 दिन भक्तों पूजन करने पहुंचते है। हालांकि वर्ष भर मंदिर में सभी भगवान के पर्व मनाए जाते है। मु य रूप से पुजारी चन्द्र प्रकाश द्विवेदी है। जो साल भर मंदिर में पूजन पाठ करते है। समिति के अध्यक्ष शैलेष मिश्रा, शंकर गुप्ता, दिलीप सुहगपुरे, बबलू पांडे, राजू चौकसे, संजय घोरप ?, एनपी श्रीवास्तव, सतीश नेमा, आशीष घोष, मोनू सुहगपुरे, राजा पटेल सहित अन्य सदस्य शामिल है।

#### मंदिर में स्थापित 281 मनोकामना कलश

इस मंदिर में जिले ही नहीं अपितु मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसग ?, उत्तरप्रदेश सहित कनाडा यूएसए के श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण हुई है। जो यहां कलश स्थापित करते है। इस वर्ष 281 कलशों की

#### मनोकामना कलश की स्थापना

शैलपुत्री मंदिर में मनोकामना कलश की स्थापना की जाती है। भक्त यहां जो भी मनोकामना होती है, उसे लेकर कलश स्थापित करते है। इससे मनोकामना पूर्ण होती है। यहां से भक्त कभी खाली हाथ नहीं जाते। इस मंदिर में नि:संतान को संतान, युवाओं को नॉकरी जैसी अनेकों मनोकामना पूर्ण हुई है।

#### मां शैलपुत्री के स्थापना की कहानी

30 साल पूर्व प्राणप्रतिष्ठा के दौरान शास्त्री सुखनारायन जी ने पंचांग देखा था। जिसमे उस पहर मां के स्वरूप का पहला अक्षर ज्योतिष गणना के अनुसार श निकला था। इसलिए यहां शक्ति के पहले स्वरूप शैलपुत्री मां स्थापित की गई।

## अभिमन्यु ऑपरेशन के तहत 7 युवकों को किया गिरफ्तार

### छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने उठाया शख्त कदम



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,03 अक्टूबर. कोतवाली पुलिस के द्वारा शहर में मजनुओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. आज पुलिस ने अभिमन्यु ऑपरेशन के तहत 7 युवकों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाल कर उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया. दरअसल पूरे मध्यप्रदेश में ऑपरेशन अभिमन्यु चलाया जा रहा है.**

जिसके चलते महिलाओ पर हो रहे अत्याचार को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में गुरुवार को कोतवाली पुलिस एक्शन मोड में दिखाई दी. पुलिस ने ऑपरेशन अभिमन्यु के तहत शहर से 7 मजनुओं को पकड़ा, जिनका जुलूस निकालकर उन्हें न्यायालय तक ले जाया गया. जानकारी में कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी में बताया कि ऑपरेश अभिमन्यु के तहत महिलाओं से छेड़छाड़ व शराब पीकर छिटाकसी करने वाले 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. जिन्हें पैदल न्यायालय में पेश किया गया. उन्होंने बताया कि ऑपरेशन अभिमन्यु एक अभियान की तरह चलाया जा रहा है. जिसके चलते महिलाओं पर हो रहे अत्याचार सहित उनकी सुरक्षा के लिए लोगों को आवाज उठाने के लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है. कोतवाली पुलिस द्वारा सातों आरोपियों के खिलाफ 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया है.

#### इन युवकों को दबोचा

पुलिस ने राजेंद्र पिता ठाकुर सिंह डहेरिया 32 साल निवासी सुक्लूढ़ाना, शैलेंद्र पिता प्रवीण सिंह 25 निवासी विवेकानंद कॉलोनी , शुभम पिता प्रवीण सिंह 26 साल निवासी विवेकानंद कॉलोनी ,प्रेमचंद पिता बंदीचंद इवनाती 22 साल निवासी भतोडिया नवेगांव अन्य 03 को गिरफ्तार किया है .

## नवरात्रि पर्व में नौ कन्याओं का जन्म

### बेटियां होती है माता का स्वरूप,परिवार ने मनाई खुशियां



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,03 अक्टूबर.शारदेय नवरात्र गुरूवार से प्रारंभ हो गया है। पहले दिन माता शैलपुत्री का पूजन किया गया। इसी दिन जिला अस्पताल में सुबह से लेकर शाम 6 बजे तक 9 कन्याओं ने जन्म लिया। कन्याओं के जन्म लेते ही परिवार के सदस्यों के चेहरे खिल उठे।**

उनका मानना है कि माता शक्ति की उपासना के पहले दिन माता शक्ति ने जन्म लिया है। वही कुछ परिवार में पहली कन्या ने जन्म लिया है। कुछ परिवार में दूसरी बार में कन्या ने जन्म लिया है। बता दें कि विज्ञान के इस युग में आज भी कन्या को बोझ समझा जाता है। गर्भ में ही कन्या का गला घोंट दिया जाता है। अधिकांश घरों में आज भी पहले पुत्र पैदा होने की कामना की जाती है।

नवभारत ने अस्पताल में जन्म लेने वाले कन्याओं के परिजनों ने बात की। अशोक बोरकर ने बताया कि मेरे दो बेटे ही बेटे है। बेटी की चाहत थी मगर नहीं हुई। मेरी बहू प्रेरणा पति अतुल बोरकर 23 साल ने पहली संतान के रूप में कन्या को जन्म दिया। माता शक्ति के उपासना के दिन बेटी नहीं साक्षात दुर्गा ने जन्म लिया है। हमें बेटे से ज्यादा खुशी कन्या के होने की है। कन्या ही बंश को आगे बढ़ाती है। आज के समय में लाड़लिया हर क्षेत्र में नाम रौशन कर रही है। मैं उन लोगों को संदेश देना चाहता हूं, जो गर्भ में कन्या का गला घोंट देते है। कन्या माता का स्वरूप होता है। जो वक्त आने पर अपने परिवार के लिए आगे आती है। लड़के पत्नियों के चक्कर में माता पिता को छोड़ देते है। इसलिए बेटियों को जन्म लेने दें। उन्हें पढ़ाएं-लिखाएं और देश में नाम रौशन करने दें। वही पुष्पा पति सुनील डेहरिया सोनपुर जागीर अमरवाड़ा के यहां भी कन्या जन्म की खुशियां मनाई। इसी तरह मीना पति मनीष बघेल उम्र 24 साल बोहता चांद रोड निवासी के यहां भी कन्या होने की खुशी मनाई गई। अस्पताल में आज प्रात:काल से लेकर शाम सात बजे तक 9 कन्याओं ने जन्म लिया है। परिजनों ने बेटियों के जन्म की जोरदार खुशियां मनाई।

## रेत का परिवहन करते चार वाहन पकड़ाए

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,03 अक्टूबर.** पूरे जिले में रेत का कारोबार जोरों पर चल रहा है रेत माफिया नदियों का सीना छलनी कर रेत का अवैध रूप से उत्खन्न कर परिवहन कर रहे है और चांदी काट रहे है. आज खनिज विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर तामिया में ऐसे ही रेत माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर 3 डंपर और 1 ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा गत दिवस जिले के विकासखंड तामिया क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन में लिप्त रेत से भरे तीन डंपर एवं एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जप्त कर पुलिस थाना तामिया की सुरक्षा में रखा गया. इन वाहनों पर खनिज नियमाधीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये जो आगामी कार्यवाही के लिये कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा.

## शिवनगर कॉलोनी में चालू किया राजस्व वसूली काउंटर



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,03 अक्टूबर.जन सुविधा की दृष्टि से नगर निगम द्वारा शहर में पांच जोन कार्यलय का संचालन किया जा रहा है।**

विगत समय से वार्ड क्रमांक 5, 6 एवं 8 के करदाताओं द्वारा क्षेत्र के मध्य में शिवनगर कॉलोनी जीएसटी कार्यालय के सामने बने जन सेवा सदन में संपत्ति कर एवं जलकर काउंटर एवं योजना से संबंधित योजनाओं के आवेदन हेतु कार्यालय को मांग की जा रही थी। इस पर आज नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय, राजस्व सभापति बलराम साहू , विद्युत सभापति प्रमोद एवं वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद पंडित राम शर्मा द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय वार्ड क्रमांक 5 आयकर भवन के सामने में संपत्ति कर एवं जलकर जमा करने हेतु काउंटर का शुभारंभ किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त ने काउंटर से पहली रसीद काटकर भवन स्वामी को पावती प्रदान की। काउंटर के प्रारंभ होने से आस पास के सभी वार्ड के निवासियों को अपना कर जमा करने में सुविधा होगी। दौरान राजस्व शाखा के राजकुमार पवार, राजस्व निरीक्षक शेखर पटेल, ऋषभ स्थापक, सहायक राजस्व निरीक्षक विजय मालवी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र .1 हुए रंगारंग कार्यक्रम

### प्रांगण में हुआ एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं कला उत्सव का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,03 अक्टूबर.** प्रदर्शनी के अंतर्गत संकुल स्तरीय एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं कला उत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम का आज शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर एवं निर्णायक मण्डल के सदस्यों द्वारा मां सरस्वती की वंदना, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं कला उत्सव की प्रतियोगिताओं के परिणाम के लिए निर्णायक मंडल में निर्णायक के रूप में नगर के अपने अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉ. श्रीमती मृदुला शर्मा, पीयूष मोटघरे , श्रीमती सुरभि माथुरिया, डॉ श्रीपद अरोनकर, अमित सोनी, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, विजय आनंद दुबे, श्री शिरीन आनंद दुबे, संदीप चौरे, रोहित रुसिया, डॉ शांतनु पाठक, प्रदीप मंडल को विद्यालय में आमंत्रित किया गया। जिन्होंने विभिन्न विद्यालयों से प्रतिभागिता करने आए विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। विभिन्न प्रतिभागियों ने नागालैंड राज्य के नृत्य और गायन के माध्यम से दर्शकों को न केवल मंत्रमुग्ध किया. छिंदवाड़ा में ही नागालैंड की संस्कृति को जीवंत कर दर्शकों को चकित होने पर मजबूर कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर ने बतलाया कि इस आयोजन में इन प्रतियोगिताओ में संकुल स्तरीय जबलपुर संभाग के 6 विद्यालयों-पीएम श्री केवि क्र.-2 छिन्दवाड़ा, पीएम श्री केवि बड़कुही, ,पीएम श्री केवि चौरई, पीएम श्री केवि जामई, पीएम श्री केवि पांढुरना एवं पीएम श्री केवि सिवनी के कुल 179 विद्यार्थियों, जिनमे 73 बालक व 106 बालिकाओं ने अपने 20 अनुरक्षकों के अनुरक्षण में सहभागिता की।

## सुरक्षित प्रसव की पहल : अस्पताल में बर्थ वेटिंग होम का शुभारंभ

**छिन्दवाड़ा.** जिला अस्पताल में दूरस्त और दुर्गम क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव कराने वर्थ वेटिंग होम की स्थापना की गई है। इसका मु य उद्देश्य जिन दूरस्त गांवों में महिलाएं समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाती। जिन्हें प्रसव के पूर्व कई परेशानियों को सामना करना पड़ता है। उन महिलाओं के लिए यह वर्थ वेटिंग होम कारगर साबित होगा। बता दें कि कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन तथा मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एनके शास्त्री के दिशा निर्देशन में जिला चिकित्सालय एवं विकासखण्ड अमरवाड़ा, बिछुआ, तामिया, जुन्नारदेव, हर्रई, मोहखेड़ में गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव कराने की सुविधा उपलब्ध कराने 02 अक्टूबर को बर्थ वेटिंग होम का शुभांरभ सांसद बंटी विवेक साहू के हस्ते किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं संस्था प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्रों की गर्भवती महिलाएं जिनका आवागमन की सुविधा के अभाव में घर पर ही प्रसव हो जाता हैं, ऐसी गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव प्रदान कराने के लिये बर्थ वेटिंग होम की स्थापना की गई हैं। जिसमें जोखिम गर्भवती महिलाओं को प्रसव तिथि के एक सप्ताह पूर्व बर्थ वेटिंग होम में रखा जाएगा।

## लापता युवक का पेंच नदी में मिला शव

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,03 अक्टूबर सिंगोड़ी चौकी क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार रात घर से लापता हुए युवक का शव गुरुवार को पेंच नदी में मिला. पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए पहुंचा दिया और मामले को जांच में ले लिया है.**

तादे कि युवक की तलाश उसके परिजन पिछले दो दिन से कर रहे थे. ऐसे में बुधवार को लापता युवक का गमछा पेंच नदी के पास मिला था. जिसके बाद गोताखोरों द्वारा नदी में उसकी तलाश की जा रही थी. दरअसल मंगलवार रात 1 बजे अर्पण जैन घर से अचानक गायब हो गया था. जब परिजनों ने मोहल्ले में पता किया तो किसी भी प्रकार की कोई जानकारी हाथ नही लगी थी. वहीं पुलिस भी इस मामले में जांच में जुटी थी, ऐसे में गुरुवार को उसका शव पेंच नदी में तीन किलोमीटर दूर बरामद किया गया. हालाकि युवक में आत्महत्या की है या उसकी मौत के पीछे कोई राज है पुलिस हर पहलू में जांच कर रही है. वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.


दशहरा ,दिपावली, महालोन बंपर ऑफर
महालक्ष्मी फायनेंस लि.
मुद्रा योजना द्वारा समस्त लोन 24 घंटो में
0 क्या आपको सिविल खराब है।
0 बार-बार आपकी फाईल रिजेक्ट होती है।
0 क्या आपके पास इन्कम प्रूफ डोक्यूमेंट नहीं है।
तो भी आपको मिल सकता है लोन
होम लोन | मार्कसीट | प्रापटी | पर्सलन
बिजनेस | एजुकेशन | 2%ब्याज | 40%छूट
किसान क्रेडिट कार्ड
7464846102

विवांता क्रिटिकल केयर
24x7 Emergency Services
2D इको द्वारा हार्ट की जांच एंव हार्ट स्पेशलिस्ट द्वारा जांच मात्र 1000/- रू
यूरोलॉजिस्ट द्वारा नि:शुल्क परामर्श एंव यूरोफलोमेट्री, सिस्टोस्कोपी जॉच (दूरबीन द्वारा पेशाब की थैली की जॉच)
नि:शुल्क एंव CT यूरोग्राफी
~~6000~~ 2500/- मात्र
दिनांक 01 सिंतबर से 30 सिंतबर तक आज ही अपॉइंटमेंट बुक करें
HELPLINE NO- 9709702191
देव हाइटस, LIC ऑफिस के बाजू में,परासिया रोड,छिंदवाड़ा

आरोग्य हेल्थकेयर
MULTISPECIALIY HOSPITAL
जिले का एकमात्र कार्डिएक केयर हॉस्टिल
24x7 Emergency Services
एन्जिोग्राफी, एन्जियोप्लास्टी, 2 डी ईको
सर्जिकल, क्रिटिकल, एक्सीडेंटल एवं ट्रॉमा केयर
नि:शुल्क पथरी के ऑपरेशन ,हड्डी के सभी प्रकार के ऑपरेशन, नि:शुल्क एन्जियोग्राफ्री एवं एन्जियोप्लास्टी आयुष्मान कार्ड धारको के लिए
हार्ड अटैक का संपूर्ण उपचार नि :शुल्क,आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत
परासिया रोड, पूजा होटल के पास,छिंदवाड़ा(म.प्र.) 6262640425, 6262640426 9425845755, 9691938897

EXito Lights
Complete Eletrical Solution
के साथ अपने घर को बनाए स्मार्ट
एक बार अवश्य पधारें...
PVC INSULATED CABLES | Mini PiR Sensor | Microwave Ceiling Mount Sensar | Pir Ceiling Mount Sensor. | Wardrobe sensor
होम ऑटोमेशन की विशाल श्रृंखला, सोलर पैनल्स, सैंसर, स्विच, केवल, इलेक्ट्रिकल पाईप्स, फिटिंग्स ,बोर्ड
जहां आप पायेंगे एक ही छत के नीचे आपके घर के लिए सभी प्रकार के इलेक्ट्रिकल और होम ऑटोमेशन की संपूर्ण रेंज वह भी फैक्ट्री रेट पर
Shop no.-10 Jagiradar Complex, Khajri Road
CHHINDWARA Mob. N0-9109773161, 9993773161

आलीशान फर्नीचर
बेडरूम सेट 23,800/- से स्टार्ट
मॉडयूलर किचन 18,000/- रूपए से चालू
हाई ग्लोसी पॉलिश चौखट दरवाजे पर किया जाता है.
घर पहुंच सेवा उपलब्ध है.
0%
BAJAJ FINSERV
सिवनी रोड, रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने छिंदवाड़ा, मोबा.9009369787


**रामलीला** | छोटी बाजार में श्री राम की लीलाओं को किया जा रहा मंचन

## दशरथ को हुआ महाशोक, त्यागा अपना देह



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,03 अक्टूबर. मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम द्वारा अवतरण उपरांत की लीलाओ का मंचन स्थानीय छोटी बाजार परिसर में सतत रूप से जारी है। वरिष्ठ कलाकार संतोष नामदेव ने जानकारी दी कि बीती रात प्रांगण एक मार्मिक प्रसंग का साक्षी बना। मंचन के पांचवे दिन श्री दशरथ देह त्याग की लीला खेली गई।**

महामंत्री सुमंत के साथ राम लक्ष्मण और सीता वन की ओर निकल पड़ते है। मार्ग में उन्हें राजा गुह, केवट एवं निषादराज आदि लोग मिलते है। केवट श्रीराम को गंगा पार करवाते हैं।

गंगा पार के बदले जब श्रीराम केवट को उतराई देते है तब केवट यह कहकर मना कर देते है कि जिस प्रकार मैने आपको गंगा से पार करवाया हूँ उसी प्रकार आप मुझे भवसागर से पार करवा देना। इस प्रकार श्री राम अपने अनुज लक्ष्मण एवं भार्या जानकी के साथ तमसा तट तक पहुँचते है। इधर अयोध्या के महामंत्री सुमंत को खाली हाथ लौटते देख तथा उनके साथ श्री राम को ना पाकर दशरथ को महाशोक होता है। दशरथ के नेत्रों के सामने श्रवण कुमार के माता पिता द्वारा गया श्राप दिखाई देने लगता है एवं कानो में उनकी आवाज गूंजने लगती है।

दशरथ पुत्र शोक में बार बार व्याकुल होते है एवं शोक संतृप्त होकर वे अपना देह त्याग देते हैं। समिति के नरेश सरेठा एवं ऋषभ ताम्रकार ने बताया कि रामभोग की सेवा कुमारी दिव्यता मसराम की स्मृति में वीणा महेश मसराम द्वारा दी गई। इसके साथ ही भाग्यशाली दर्शक योजना की सेवा भी वीणा महेश मसराम द्वारा प्रदान की गई।

#### आज मंचित होगा भरत मिलाप का प्रसंग

मुख्य निर्देशक पं . वीरेंद्र शुक्ल ने बताया कि आज श्री रामलीला मंच पर भरत मिलाप की लीला खेली जाएगी। विगत वर्षो से भरत मिलाप के प्रसंग को देखने के लिए जनता का अपार समूह प्रांगण में उपस्थित होता रहा है। आज भरत की भूमिका में सहनिर्देशक ऋषभ स्थापक एवं शत्रुघ्न की भूमिका में रुद्रांश राजपूत नजर आएंगे।


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589